मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-19
08/01/2019

पूर्व विधायक सच्चिदानंद सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 08 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने विधायक श्री राजीव नंदन के पिता एवं पूर्व विधायक सच्चिदानंद सिंह के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्व0 सच्चिदानंद सिंह की सामाजिक कार्यों में गहरी अभिरूचि थी। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

*****